# Bihar Vidhan Parishad- Patna

## Stenographer, Reporter, Personal Assistant Exam Pattern 2019

## ResultBharat.com

6. (1) परीक्षा की पद्धति - प्रतिवेदक, निजी सहायक एवं आशुलिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु निम्न चरणों में जांच/परीक्षा ली जायेगी -

(क) प्रतिवेदक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु तीन चरणों में जांच/परीक्षा ली जायेगी- (1)प्रारंभिक परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा), (2)हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जांच परीक्षा तथा एम एस आफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा एवं (3)साक्षात्कार।

(1) प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सर्वप्रथम आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा होगी, जिसमें निर्धारित मापदंड के अनुसार परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट में 150 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 750 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 70 (सत्तर) मिनट का समय अनुमान्य होगा। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगा। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की ही टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी।

(2) अपेक्षित आशुलिपि गति वाले अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में 140 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपि गति पर इस शर्त के साथ नियुक्ति के लिए विचार किया जायेगा कि वे एक वर्ष के भीतर 150 शब्द प्रति मिनट गति की आशुलिपि जांच में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेंगे अन्यथा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि तथा निर्दिष्ट श्रेणी में उनकी संपुष्टि स्वीकृत नहीं होगी।

(3) हिन्दी टंकण जांच परीक्षा 35 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण जांच परीक्षा 35 शब्द प्रति मिनट की ली जायेगी। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या-10/परी-1049/77 का.-9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में यह जांच परीक्षा 10-10 मिनट की होगी एवं टंकण में हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगी।

(4) प्रतिवेदक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु 50 अंकों की हिन्दी में तथा 50 अंकों की अंग्रेजी में कुल 100 अंकों की एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा ली जायेगी। टंकण जांच परीक्षा /एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे। अंतिम चरण में 50 अंकों का साक्षात्कार लिया जायेगा। साक्षात्कार में 30 प्रतिशत अर्हतांक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

मेधा सूची- टंकण जांच परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों में से हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे।

(ख) निजी सहायक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु दो चरणों में जांच/परीक्षा ली जायेगी- (1)प्रारंभिक परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा), (2)हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा एवं हिन्दी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जांच परीक्षा तथा एम एस आफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा।

(1) प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सर्वप्रथम आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा होगी, जिसमें निर्धारित मापदंड के अनुसार परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट में 100 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 500 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 50 (पचास) मिनट का समय अनुमान्य होगा। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगा। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की ही टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी।

(2) हिन्दी टंकण जांच परीक्षा 30 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण जांच परीक्षा 30 शब्द प्रति मिनट की ली जायेगी । कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या-10/परी-1049/77 का.-9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में यह जांच परीक्षा 10-10 मिनट की होगी एवं टंकण में हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगी।

(3) निजी सहायक के पदों हेतु 50 अंकों की हिन्दी में तथा 50 अंकों की अंग्रेजी में कुल 100 अंकों की एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा ली जायेगी । टंकण जांच परीक्षा /एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे।

मेधा सूची- टंकण जांच परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों में से हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे।

(ग) आशुलिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु दो चरणों में जांच/परीक्षा ली जायेगी- (1)प्रारंभिक परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा) एवं (2)हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा एवं हिन्दी टंकण (कम्प्यूटर आधारित) जांच परीक्षा तथा एम एस आफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा ।

(1) प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सर्वप्रथम आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा होगी, जिसमें निर्धारित मापदंड के अनुसार परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) की परीक्षा 05 (पांच) मिनट में 80 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से 400 शब्दों की होगी। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद हेतु 40 (चालीस) मिनट का समय अनुमान्य होगा। आशुलिपि में हुई गलतियों में नियमानुसार 10 (दस) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगा। आशुलिपि (हिन्दी) के हस्तलिखित अनुवाद के शब्दों की शुद्धता के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की ही टंकण जांच परीक्षा ली जायेगी।

(2) हिन्दी टंकण जांच परीक्षा 30 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण जांच परीक्षा 30 शब्द प्रति मिनट की ली जायेगी । कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या-10/परी-1049/77 का.-9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में यह जांच परीक्षा 10-10 मिनट की होगी एवं टंकण में हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य होगी।

(3) आशुलिपिक के पदों हेतु 50 अंकों की हिन्दी में तथा 50 अंकों की अंग्रेजी में कुल 100 अंकों की एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा ली जायेगी । टंकण जांच परीक्षा /एम एस ऑफिस वर्ड प्रोसेसिंग जांच परीक्षा में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे।

मेधा सूची- टंकण जांच परीक्षा में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों में से हिन्दी आशुलिपि जांच परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में असफल घोषित अभ्यर्थी अगले चरण की जांच/परीक्षा के योग्य नहीं होंगे।

(2) प्रारंभिक परीक्षा : - (1) प्रारंभिक परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे।

(2) प्रत्येक प्रश्न हेतु उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होगा।

(3) प्रारंभिक परीक्षा की अवधि 02 (दो) घंटे की होगी और कुल 100 (एक सौ) प्रश्न होंगे।

(4) प्रारंभिक परीक्षा कुल 400 (चार सौ) अंकों की होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 04 (चार) अंक प्रदान किए जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक की कटौती की जाएगी।

(5) प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/ अंग्रेजी होगी। यदि हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्नों में कोई भिन्नता होगी तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे।

(6) प्रारंभिक परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे- (क) सामान्य अध्ययन - प्रश्नों की संख्या 40 (चालीस) होगी।
(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित - प्रश्नों की संख्या 30 (तीस) होगी।
(ग) मानसिक क्षमता जांच एवं तार्किक विचार - प्रश्नों की संख्या 30 (तीस) होगी।

(7) इस प्रारंभिक परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, अनुवर्ती जांच/परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा।

(8) कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प सं.-2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक-6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, महिलाओं तथा दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जायेंगे।

(9) वैसे अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे, जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग/ किसी राज्य सेवा आयोग/ अन्य चयन आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि तक कदाचार के मामलों में परीक्षा से वंचित कर दिए जाने का आदेश पारित किया गया हो। अभ्यर्थीयों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर बिहार विधान परिषद् सचिवालय का निर्णय अंतिम होगा।

(10) अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रारंभिक परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जायेगी। विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी।

(3) प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम :-(क) सामान्य अध्ययन:- इसमें बिहार, भारत और इसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा सम्भव प्रश्न पूछे जायेंगे।

(i) सम-सामयिक विषय- महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय सम-सामयिक घटनायें, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, खेल-खिलाड़ी ।